शामिल हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25/05/26	पत्रावली न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा से क्षेत्राधिकार चौहटन होने से स्थानान्तरित होकर प्राप्त हुई। पत्रावली में वकील प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र वास्ते नेखमबन्दी पुष्टि करने का पेश किया गया। तथा प्रकरण में तहसीलदार धनाऊ से पूर्व में नेखमबंदी निर्णय की पालना रिपोर्ट तहसीलदार धनाऊ के पत्रांक भू.अ./2024/504 दिनांक 27.05.2024 द्वारा न्यायालय के आदेश दिनांक 27.06.2023 की अनुपालना में वाद ग्रस्त भूमि मौजा एकलिया धोरा (बींजासर) के खसरा नम्बर 493/24 रकबा 2.3715 हैक्टेयर भूमि की प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण की सहमति से पक्के नेखम कायम कर पक्के नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण की गई। फर्द मौका प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण व उपस्थित मौतबिरान के रूबरू बनाई जाकर फर्द मौका रिपोर्ट प्राप्त हुई। पत्रावली व प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार धनाऊ से प्राप्त नेखमबंदी पालना फर्द मौका रिपोर्ट का अध्ययन एवं अवलोकन किया गया। दोनो पक्षो की सहमति से पक्के नेखम स्थापित कराये जा चुके है। अतः प्रस्तुत फर्द कार्यवाही अनुसार ही की गई नेखम कार्यवाही पुष्ट की जाती है। फर्द नेखम कार्यवाही निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। पत्रावली निर्णय सुमार होकर पुनः दाखिले दफ्तर हो। (रणछोड़ लाल) उपखण्ड अधिकारी चौहटन, बाड़मेर उपखण्ड अधिकारी चौहटन	